अध्याय-10 | कैदी और कोकिला | माखनलाल चतुर्वेदी

Worksheet-1

Under CSR Support by ipca | Foundation
missiongyan

बहुविकल्पी प्रश्न

1. 'कैदी और कोकिला' कविता किस शैली में लिखी हुई है?

(अ) असामान्य शैली
(ब) प्रश्न शैली
(स) सामान्य शैली
(द) अवधी शैली

2. 'शासन की करनी भी काली, काली लहर कल्पना भी काली' पंक्ति में 'काली' शब्द का प्रयोग किस अर्थ में हुआ है?

(अ) प्रसन्नता के
(ब) अन्याय और भयानकता के
(स) गर्व के
(द) प्रतिष्ठा का

3. कैदी और कोकिला काव्य के संदर्भ में कोयल किसके बीज बो रही है?

(अ) वैभव के
(ब) नफरत के
(स) प्यार के
(द) विद्रोह के

4. कोयल आधी रात को किसके दुःख-भरे हृदय पर मरहम लगाने आई है?

(अ) साथी के
(ब) इनमें से कोई नहीं
(स) जनता के
(द) कवि के

5. कैदी और कोकिला काव्य के संदर्भ में कोयल क्या कार्य कर रही है?

(अ) लोगों को नींद से जगाने का
(ब) स्वतंत्रता के संघर्ष के लिए प्रेरणा प्रदान करने का
(स) लोगों को पीड़ा पहुँचाने का
(द) अपने पंचम स्वर से लोगों को प्रसन्नता प्रदान करने का

6. 'काली तू, रजनी भी काली, शासन की करनी भी काली,
काली लहर, कल्पना भी काली' पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार लिखिए।

(अ) अनुप्रास
(ब) उपमा
(स) मानवीकरण
(द) उत्प्रेक्षा

7. कैदी और कोकिला काव्य के संदर्भ में कोयल का स्वर किस भावना से युक्त है?

(अ) ईर्ष्या की
(ब) प्रेम की
(स) त्याग की
(द) देशभक्ति की

8. कैदी और कोकिला काव्य के संदर्भ में हिमकर निराश कर चला में हिमकर कौन है?

(अ) अंग्रेज जेलर
(ब) ठंडी हवाएँ
(स) चंद्रमा
(द) कवि का साथी

9. 'कैदी और कोकिला' कविता के आधार पर बताइए कि जेल में कवि कैसा है?

(अ) गर्वित
(ब) एकाकी और उदास
(स) सम्मानित
(द) खुश

मिशन ज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
VIDEO COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App

10. 'मोहन के वत पर, प्राणों का आसव किसमें भर दूँ पंक्ति में 'मोहन' शब्द का प्रयोग किसके लिए हुआ है?

(अ) कवि के लिए (ब) ब्रिटिश सरकार के लिए

(स) गाँधी जी के लिए (द) कोयल के लिए

रिक्त स्थान :

11. 'कैदी और कोकिला' में 'ब्रिटिश राज का गहना' _____ कहा गया है।

12. कैदी और कोकिला के अनुसार 'कैदी' _____ है।

सत्य / असत्य

13. माखनलाल चतुर्वेदी जी ने वीणा पत्रिका का संपादन किया।

14. कैदी और कोकिला काव्य के सन्दर्भ में मोहन कवि स्वयं है।

अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

15. रात के समय कवि किससे बातें कर रहा था और क्यों?

16. कवि ने हथकड़ियों को क्या कहकर संबोधित किया है?

लघूत्तरात्मक प्रश्न

17. कैदी और कोकिला कविता में कवि को कोयल से ईर्ष्या क्यों हो रही है?

18. आपके विचार से स्वतंत्रता सेनानियों और अपराधियों के साथ एक-सा व्यवहार क्यों किया जाता होगा?

निबंधात्मक प्रश्न

19. 'कैदी और कोकिला' कविता का प्रतिपाद्य अपने शब्दों में लिखिए।

20. काव्य-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए—

तेरी गीत कहावें वाह, रोना भी है मुझे गुनाह !

देख विषमता तेरी-मेरी, बाज रही तिस पर रणभेरी !

HOTS

21. किस शासन की तुलना तम के प्रभाव से की गई है और क्यों?

मिशन ज्ञान
चलें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App

अध्याय-10 | कैदी और कोकिला | माखनलाल चतुर्वेदा

Worksheet-1
उत्तरमाला

Under CSR Support by
ipca | Foundation
missiongyan

1. (ब) सम्पूर्ण कविता में कवि ने कोयल से प्रश्न किये हैं अतः यह प्रश्न शैली में लिखी हुई है।
2. (ब) यहाँ 'काली' शब्द का प्रयोग ब्रिटिश सरकार के अन्याय और उनके शासन की भयानकता को दर्शाने के लिए किया गया है।
3. (द) कैदी और कोकिला काव्य के संदर्भ में कोयल विद्रोह के बीज बो रही है।
4. (द) कोयल आधी रात को कारागृह में कैद कवि के दुःख-भरे हृदय पर मरहम लगाने आई है साथ ही वह उसे चुपचाप विद्रोह करते रहने की प्रेरणा दे रही है।
5. (ब) कैदी और कोकिला काव्य के संदर्भ में कोयल स्वतंत्रता के संघर्ष के लिए प्रेरणा प्रदान करने का कार्य कर रही है।
6. (अ) 'क' वर्ण की आवृत्ति के कारण अनुप्रास अलंकार है।
7. (द) कोयल के गीत में ओज और संघर्ष का आह्वान है, उसके स्वर में देशभक्ति की भावना है।
8. (स) कैदी और कोकिला काव्य के संदर्भ में हिमकर निराश कर चला में हिमकर 'चंद्रमा' के लिए कहा है।
9. (ब) कवि जेल में बंद है। वह अपनी कोठरी में अकेला है इसलिए वह उदास है।
10. (स) गाँधी जी का पूरा नाम मोहनदास करमचन्द गाँधी है। अतः 'मोहन' का प्रयोग यहाँ गाँधी जी के लिए हुआ है।
11. **रिक्त स्थान :** हथकड़ियों को
12. **रिक्त स्थान :** जेल में
13. **सत्य / असत्य :** असत्य
14. **सत्य / असत्य :** असत्य
15. रात के समय कवि कोयल से बात कर रहा था। उसने आधी रात में जब कोयल का दर्द भरा स्वर सुना तो वह उससे बात करने लगा। अंग्रेजों का विरोध करने के कारण कवि को स्वतंत्रता सेनानी के रूप में अंग्रेजों द्वारा जेल में डाल दिया गया था। वह सोचता है कि कोयल उसके लिए कुछ संदेश लेकर आई होगी, इसलिए वह कोयल से बातें करने लगा।
16. ब्रिटिश राज का गहना कहकर।
17. कवि को कोयल से इसलिए ईर्ष्या हो रही है क्योंकि कोयल स्वतंत्रतापूर्वक नीले आसमान में अपनी उड़ान भर रही है जबकि कवि का संसार दस फुट की कोठरी में सिमट कर रह गया है। जहाँ कोयल ने पेड़ की हरी-भरी डाली पर अपना घोंसला बनाया हुआ है वहीं कवि को काल कोठरी में रहना पड़ रहा है। कोयल को अपने गीतों पर प्रशंसा सुनने को मिलती है पर कवि का तो रोना भी गुनाह माना जाता है।
18. पराधीन भारत में अंग्रेज शासक थे और भारतीय उनके द्वारा शासित या उनके गुलाम कहना भी उचित होगा। भारतीयों द्वारा स्वतंत्रता की माँग करते हुए अंग्रेजों का विरोध करना उनकी दृष्टि में गंभीर और भयानक अपराध था। वे उनके विद्रोह को कठोरता से कुचल देते थे। वे भारतीयों से अपराधियों-सा व्यवहार करते थे, ताकि अन्य भारतीय स्वतंत्रता की माँग न करें तथा किसी प्रकार का विद्रोह न करें।
19. 'कैदी और कोकिला' पाठ के माध्यम से पराधीन भारत में अंग्रेजी सरकार के शोषण, अन्याय और अत्याचार का मर्मस्पर्शी वर्णन किया है। स्वयं कवि भी स्वतंत्रता सेनानी के रूप में जेल में बंदी है और अंग्रेजों के अत्याचार को सहन करने को विवश है। इसमें कैदियों के साथ किए जाने वाले अत्याचारों का वर्णन किया है। उसने कोयल के माध्यम से जनता को यह संदेश देना चाहा है कि यह समय मधुर गीत गाने का नहीं बल्कि मुक्ति के गीत गाने का है। उसकी बातों से जनता में अंग्रेजों के प्रति आक्रोश और भड़क जाता है। यही संदेश लेकर दिन में मधुर, कर्णप्रिय गीत सुनाने वाली कोयल भी अर्धरात्रि में वेदनाभरी आवाज में चिल्ला रही है। वह भी सुप्त जनता में क्रांति की ज्वाला भड़का रही है।
20. **भाव-सौंदर्य -** यहाँ कवि ने अपने और कोयल के जीवन के अंतर को स्पष्ट करते हुए कहा है कि कोयल के कर्णप्रिय गीतों को सुनकर लोग वाह-वाह करते हैं जबकि स्वतंत्रता सेनानियों को तो रोने भी नहीं दिया जाता है।

100% FREE! Video Courses | Quiz | Test Series
Download Mission Gyan App

उनके बोलने पर उन्हें गालियाँ दी जाती हैं। वे चुपचाप यंत्रणाएँ सहने को विवश हैं। इतना अंतर होने के बाद भी कोयल रणभेरी बजा रही है।

शिल्प-सौंदर्य —

- पंक्तियों में तत्सम शब्दयुक्त खड़ी बोली का प्रयोग है।
- मुहावरा-'रणभेरी बजाना' के प्रयोग से भाषा में सजीवता और सुंदरता आ गई है।
- 'तेरी-मेरी', 'वाह-गुनाह' में मैत्री तथा अनुप्रास अलंकार है।
- 'गुनाह'-उर्दू-फारसी के शब्द का प्रयोग किया गया है।

21. पराधीन भारत में अंग्रेज़ी शासन की तुलना तम से की गई है क्योंकि अंग्रेज़ी शासक देशवासियों पर अनेक प्रकार के अत्याचार कर रहे थे। उनका शासन अंधकार से युक्त था क्योंकि वे हर प्रकार से भारतीयों का शोषण कर रहे थे। अपने खिलाफ आवाज़ उठाने वाले तथा आज़ादी की माँग करने वालों को वे जेल की काल-कोठरियों में बंद कर देते थे और उन्हें नाना प्रकार की यातनाएँ दिया करते थे। उनका साँस लेना भी अपराध माना जाता था। अतः वह शासन तो अंधकारमय था।

मिशन ज्ञान
पढ़ें: जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App